राज्यपाल सचिवालय
राजभवन , जयपुर

राष्ट्रीय एकता दिवस पर सरदार पटेल को राज्यपाल ने किया नमन

जयपुर, 31 अक्टूबर । राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर उन्हें स्मरण करते हुए नमन किया है।

राज्यपाल ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद रियासतों के एकीकरण में अभूतपूर्व योगदान देने वाले सरदार पटेल का मानना था कि एकता में सभी समस्याओं को हराने की शक्ति निहित है। उन्होंने सभी से राष्ट्रीय एकता, अखंडता के लिए संकल्पबद्ध रहते सरदार पटेल के उच्च आदर्शों का अनुसरण करने का आह्वान किया है ।

———

सिटी पैलेस में ओपन एयर ओपेरा कार्यक्रम आयोजित
राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने ओपेरा की संगीत नाट्य प्रस्तुति की सराहना की

जयपुर, 31 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि सांस्कृतिक आदान–प्रदान से राष्ट्रों के मध्य मैत्री संबंधों में और अधिक प्रगाढ़ता आती है। उन्होंने शिक्षा को जीवन का आलोक बताते हुए कहा कि नई पीढ़ी में सांस्कृतिक समझ विकसित करना आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है।

श्री मिश्र ने रविवार को सिटी पैलेस में ओपन एयर ओपेरा कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने ओपेरा की संगीत नाट्य प्रस्तुति को अद्भुत बताते हुए कलाकारों की सराहना की। उन्होंने 'द पैलेस स्कूल' परिवार को इस बात के लिए बधाई दी कि राजस्थान के 'द पैलेस स्कूल' को फ्रांसीसी दूतावास द्वारा ओपेरा प्रशिक्षण के लिए चयनित कर इस सबंध में सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कलाएं व्यक्ति को संस्कारित करती है। इसलिए जरूरी यह भी है कि विद्यार्थियो को भारतीय और पश्चिम की कला से जुड़े अध्ययन–अध्यापन से जोड़ते हुए शिक्षा का प्रसार किया जाए।

फ्रांसीसी दूतावास के काउंसलर फॉर कोऑपरेशन एंड कल्चरल अफेयर्स, कंट्री डायरेक्टर श्री इमैनुएल लभ्रं–दामियां ने सिटी पैलेस की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्थान पर ओपेरा और अन्य संगीत गतिविधियों को आयोजन महत्वपूर्ण है। सांसद श्रीमती दियाकुमारी ने बताया कि पैलेस स्कूल ने अपनी स्थापना के बाद निरंतर प्रगति के नए सोपान तय किए हैं ।

———